भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 4334
उत्तर दिए जाने की तारीख: 15.03.2021

कोविड-19 महामारी के दौरान लड़कियों की शिक्षा

†4334. श्री बैन्नी बेहनन:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि घर पर कंप्यूटर या स्मार्टफोन तक पहुंच होने के कारण ऑनलाइन अध्ययन के लिए लड़कों को प्राथमिकता दी गई थी, जबकि कोविड-19 के कारण आर्थिक संकट होने से लड़कियों की उपेक्षा हुई है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने लॉकडाउन के दौरान लड़कियों की शिक्षा पर पड़े हानिकारक प्रभाव का आकलन किया है;

(ग) सरकार द्वारा इस मुद्दे को हल करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं;

(घ) सरकार द्वारा डिजिटल शिक्षा पर निर्भरता को पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) मार्च 2020 से जनवरी 2021 के बीच प्राथमिक और माध्यमिक स्तर पर स्कूल छोड़ने वाली छात्रओं की कुल संख्या कितनी है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) दीक्षा पोर्टल (https://diksha.gov.in/), स्वयं पोर्टल (swayam.gov.in), स्वयं प्रभा, डीडी चैनल, ई पाठशाला-(https://epathshala.nic.in/), एनआरओईआर (नेशनल रिपोजिटरी ऑफ ओपन एजुकेशनल रिसोर्स) पोर्टल (https://nroer.gov.in/welcome), रेडियो, सामुदायिक रेडियो और सीबीएसई पॉडकास्ट आदि के रूप में विभिन्न डिजिटल उपकरणों को नियोजित करके स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। जिन छात्रों के पास डिजिटल साधन नहीं है उनके लिए टीवी, रेडियो के माध्यम का उपयोग किया गया है।

सभी राज्यों द्वारा उठाए गए कदम इंडिया रिपोर्ट डिजिटल एजुकेशन , जून 2020 में देखे जा सकते हैं

https://www.mhrd.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/India_Report_Digital_Education_0.pdf

(ख) और (ड.) शिक्षा संविधान की समवर्ती सूची का एक विषय है , और शिक्षा से संबंधित मामले केंद्र के साथ-साथ राज्य सरकार के अधीन है। राज्यों और संघ राज्यो क्षेत्रों को सलाह दी गई है कि वे छात्रों की विद्यालय -वार मैपिंग की जाए और प्रत्येक छात्र का व्यक्तिगत प्रदर्शन देखा जाता है और उस पर किए गए ट्रैक को रिकॉर्ड में रखा जाता है। तद्नुसार, राज्य सरकारों को निदेश दिए गए हैं कि वे डिजिटल शिक्षण के लिए जरूरी डिजिटल एक्सेहस प्रदान करने संबंधी सभी छात्रों की मांगों को पूरा करने के लिए प्रत्ये क स्थाटन पर मौजूद स्थिति के अनुसार कार्रवाई करें।

****